राष्ट्रीय पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

सावधि ऋण योजना - पथानमथिट्टा, केरल

सफलता की कहानी

लाभार्थी का नाम	**सुश्री अपर्णा के.पी.**
जिला एवं राज्य	**पथानमथिट्टा, केरल**
योजना का नाम	**सावधि ऋण**
ऋण स्वीकृति का वर्ष	**2021**
ऋण राशि	**रू. 10,00,000/-**
गतिविधि /व्यवसाय	**कपड़ा दुकान और सिलाई यूनिट**
राज्य चैनेलाईजिंग एजेंसी का नाम	**केरला स्टेट बैकवर्ड क्लासेज डेवलपमेंट कारपोरेशन (KSBCDC)**

मैं **अपर्णा केपी** पुत्री प्रसन्नन केजी, केरल के पथानमथिट्टा जिले की मूल निवासी हूं। मुझे बचपन से ही फैशन डिजाइनिंग करने और कपड़े में गहरी रुचि थी और बड़ी होने पर अपने इलाके में अपनी दुकान खोलने की इच्छा रखती थी।

अपने उच्च माध्यमिक अध्ययन के बाद मैंने धीरे-धीरे अपने जुनून को अपने करियर के रूप में आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। मैं ग्राहकों के लिए उनकी जरूरत के अनुसार कपड़े सिल कर देती थी। मेरे दिल की गहराइयों में हमेशा एक कपड़े की दुकान का मालिक होने और अपने टेलरिंग व्यवसाय का विस्तार करने का मेरा सपना था। लेकिन मैं चिंतित थी क्योंकि मेरे पास अपने सपने को पूरा करने के लिए पर्याप्त धन नहीं था।

मेरे लिए यह दिन बड़ा शुभ था जब मेरे एक पड़ोसी से मुझे केरला स्टेट बैकवर्ड क्लासेज डेवलपमेंट कारपोरेशन (KSBCDC) के बारे में बताया, जो NBCFDC की एक राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसी है तथा जो पिछड़े समुदाय के लोगों को कम ब्याज दर पर स्व-रोजगार ऋण प्रदान करती है। मैंने पठानमथिट्टा जिला कार्यालय से संपर्क करने का फैसला किया। मैंने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के बारे में मैनेजर से चर्चा की और उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद ऋण सहायता प्रदान की जा सकती है। मुझे अप्रैल, 2021 में रू. 10 लाख की ऋण राशि स्वीकृत की गई। जिस धनराशि से मैंने एक **कपड़ा दुकान और सिलाई यूनिट** स्थापित की। मैंने सिलाई मशीनें और कपड़ा सामग्री खरीदकर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। अपर्णा बताती हैं कि उन्हें राज्य निगम द्वारा बड़ी आसानी से ऋण सहायता प्रदान की गई तथा सदैव सहयोगात्मक रवैया ही प्रतीत हुआ।

सुश्री अपर्णा बताती हैं कि अब मैं अपने इलाके की कपड़ों से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने और अच्छी आजीविका कमाने में सक्षम हूं। मैं प्रति माह लगभग 20,000/- रुपए कमाती हूं। मैं अपनी किश्तों का भुगतान करने के साथ-साथ अपने परिवार की वित्तीय जरूरतों को भी पूरा कर रही हूं। 24 साल की उम्र में मैंने वित्तीय आत्मनिर्भरता हासिल की है और अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ पैसे बचा पा रही हूँ। सुश्री अपर्णा बड़े ही मार्मिक भाव से व्यक्त करती हैं कि KSBCDC और NBCFDC की मदद के बिना मेरा सामाजिक और आर्थिक उत्थान संभव नहीं होता।

सुश्री अपर्णा NBCFDC एवं KSBCDC के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करती हैं।